## संक्षिप्त

### राजवीर का शोध पत्र वर्ल्ड में चयन

**सिरस।** कांग्रेस ऑफ इकोनोमेट्रिक सोसाइटी शोध पत्र वर्ल्ड में राजवीर जाट निवासी वजीराबाद खेड़ा का चयन हुआ है। इकोनोमेट्रिक सोसाइटी विश्व में अर्थशास्त्र में गणितीय विधियों को बढ़ावा देने वाली सबसे बड़ी संस्था है। यह संस्था हर पाँच साल में वर्ल्ड् कांग्रेस नाम से अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित करवाती है जिसमे दुनियाभर से प्रमुख अर्थशास्त्रियों द्वारा अपनी शोध को साझा किया जाता है। राजवीर को इकोनोमेट्रिक सोसाइटी ने उन्हें टॉप 10 प्रतिशत रिसर्चर्स में शामिल किया है एवं सम्मान स्वरूप 2000 अमरीकी डॉलर (1.7 लाख रूपए) की राशि भी प्रदान की है।

### पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटपूतली।** डॉ. रामनारायण यादव एण्ड फैमिली रामदेव मेमोरियल संस्थान शिव धारा हार्ट एण्ड जनरल अस्पताल द्वारा स्व. रामदेव यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्व. रामदेव यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान यादव समाज के पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव (गुरूजी), प्रवक्ता रामकरण यादव, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक शिखा मील बराला, जयपुर ग्रामीण प्रभारी राजेंद्र यादव, प्रवक्ता कमल यादव, रामनारायण यादव, सुरेश यादव, डॉ. गुमान सिंह यादव, संज्या देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

### अवैध बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बरौनी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध एक नाली बंदूक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरोनी थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शुक्रवार को निवाई पीपलू डीएसटी टीम वह बरौनी थाना टीम ने पहाड़ी कट के पास अवैध हथियार के साथ मौजूद आरोपी महेंद्र पुत्र कालू नायक उम्र 33 वर्ष, निवासी रजवास, थाना बरौनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नाली बंदूक बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया हैं।

### 2 घंटे बिजली बंद

**निवाई।** रेलवे ऑवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते शनिवार को सुबह 2 घंटे बिजली बंद रहेगी। विद्युत विभाग के कनिष्ट अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि रेलवे फाटक पर ऑवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते शनिवार को समस्त निवाई नगर पालिका क्षेत्र, झिलाय रोड औद्योगिक क्षेत्र, बीसलपुर पंप हाउस, जयसिंहपुरा, भावता, भांवती, संग्रामपुरा, झापड़ी, जुझारपुरा, चोरपुरा एवं दामोदरपुरा के आस-पास के क्षेत्र में सुबह 8 से 10 तक बिजली बंद रहेगी।

### आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध एक नाली बन्दूक के साथ आरोपी गिरफतार किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी कट के समीप महेंद्र नायक पुत्र कालू नायक निवासी रजवास को एक नाली बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधायक करेगें शिलान्यास

**कोटपूतली।** विधायक हंसराज पटेल शनिवार को क्षेत्र में विभिन्न सडकों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसलाना से ढ़ाणी मंगलदास वाली तक 01 करोड़ 02 लाख 50 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 4.10 किमी लम्बी सडक व ग्राम सांगटेड़ा से बनका तक 50 लाख 75 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही सडक के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें।

### कृष्णगोपाल, अनिल व अजय बने संयोजक व सहसंयोजक

**मालपुरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा 13 से 25 अप्रेल तक भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंति के तहत मनाये जाने वाले समरसता पर्व पखवाडे के सफल आयोजन हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने जिलेभर मे संयोजक व सहसंयोजको की नियुक्ति की।

# सैनी छात्रावास चौरु में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनाई

**उनियारा/चौरु।** उपखंड क्षेत्र के सैनी छात्रावास चौरु महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में माली समाज द्वारा छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ 198 वी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम में समाज के अतिथियों द्वारा माता सावित्रीबाई फुले व महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माला व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।

इस दौरान बसंत कुमार सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर संबोधित करते हुए कहा कि समाज को सशक्त बनाने में अहम किरदार निभाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था।उनकी माता का नाम चिमणाबाई तथा पिता का नाम गोविंदराव था। उनका



**माली समाज ने छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ 198 वीं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई।**

परिवार कई पीढ़ी पहले माली का काम करता था। वे सातारा से पुणे फूल लाकर फूलों के गजरे आदि बनाने का काम करते थे इसलिए उनकी पीढ़ी फुले के नाम से जानी जाती थी। उन्होंने मराठी में अध्ययन किया। वे महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। 1840 में ज्योतिबा का विवाह सावित्रीबाई से हुआ था।उन दिनों महाराष्ट्र में धार्मिक सुधार आंदोलन जोरों पर था। जाति-प्रथा का विरोध करने और एकेश्वरवाद को अमल में लाने के लिए 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की गई थी। जिसके प्रमुख गोविंद रानाडे और आरजी भंडारकर थे। उस समय महाराष्ट्र में जाति-प्रथा बड़े ही वीभत्स रूप में फैली हुई थी।स्त्रियों की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे। ऐसे में ज्योतिबा फुले ने समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए।

उन्होंने महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोद्धार का काम आरंभ किया था। उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए भारत की पहला विद्यालय खोला। लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का श्रेय ज्योतिबा को दिया जाता है। इन प्रमुख सुधार आंदोलनों के अतिरिक्त हर क्षेत्र में छोटे-छोटे आंदोलन जारी थे जिसने सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर लोगों को परतंत्रता से मुक्त किया था। ज्योतिराव गोविंदराव फुले की मृत्यु 28 नवंबर 1890 को पुणे में हुई। उपाध्यक्ष लल्लू लाल सैनी ने कहा कि समाज में इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में फैली हुई कुर्तियां का विलुप्त होगा। अवसर पर महासभा पत्रकार समिति के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सैनी,मुरारी लाल सैनी, नानकराम सैनी, हनुमान सैनी, श्रवण कुमार सैनी,कालू राम सैनी, छोटू लाल सैनी,प्रहलाद सैनी, रामबाबू सैनी चिरंजी लाल सैनी, कन्हैया लाल सैनी,धनराज सैनी,राजू सैनी, राजेश सैनी, महेंद्र सैनी, सुनील कुमार सैनी, ईश्वर सैनी,लोकेश सैनी, विशाल सैनी, मुरारी और कुमारी शालू सहित समाज की महिलाएं ,बच्चे व सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रक्तदान व चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के गौशाला रोड़ स्थित ग्रीन वैली सीनियर सैकण्डरी स्कूल में सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने अतिथियों का माला, दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर 08 वाँ विशाल रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला।

# जयंती पर निकाली कलश यात्रा एवं प्रतिभाओं का किया सम्मान

**राजगढ़ ।** कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर भव्य कलश यात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा एवं राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगे लाल मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शुक्रवार प्रातः समिति की ओर से स्टेशन मार्ग स्थित सैनी धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा देवी जी मंदिर के समीप श्रीजी मैरिज होम तक निकाली गई। कलश यात्रा के प्रमुख मार्गो में विभिन्न समाजों के लोगों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर



**महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर भव्य कलश यात्रा निकाली।**

पर भीषण गर्मी के बाद भी महिलाओं की ओर से कलश यात्रा में मां सावित्रीबाई फुले जिंदाबाद के नारे एवं जोश मैं कार्यक्रम को परवान चढ़ाया।इस व्यापार संघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता एवं अन्य समाजों के लोग कलश यात्रा में शामिल रहे। श्रीजी मेरीज होम के पास महिलाओं की भारी उपस्थिति के मध्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बांदीकुई विधायक टाकड़ा एवं राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगे लाल मीणा ने महात्मा ज्योतिबा फुले के बताए गए मार्ग पर चलने का आ ान किया। उन्होंने प्रतिभाओं से शिक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर उच्च मुकाम हासिल करने का मूल मंत्र दि या। प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह एवं शील्ड प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ सर्वेश सैनी, मुन्ना सैनी, गोवर्धन लाल सैनी, प्रहलाद सैनी, लहरी सैनी, पी डी सैनी, रामजीलाल सैनी, कैलाश चंद, केदार सैनी एवं सैनी समाज के प्रमुख लोग एवं महिलाएं मौजूद रही।

# फुलेरा में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 198वीं जयंती समारोह आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे में शुक्रवार को सामाजिक और शैक्षिणक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती सर्व समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसके चलते क्षेत्र के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में माली समाज संस्थान फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में समारोह आयोजित हुआ। संस्था पदाधिकारियों और समाज के

> इसके चलते क्षेत्र के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में माली समाज संस्थान फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में समारोह आयोजित

प्रबुद्धजनों ने महात्मा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात वक्ताओं ने फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला। संस्था के अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने कहा कि महात्मा फुले ने विषम परिस्थितियों में समाज सुधार का कार्य किया, उनका जीवन हम सभी



**कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।**

के लिए प्रेरणादायी है। हमें उनके पद चिह्नों पर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों ने केन्द्र सरकार से फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग की है।

इसी प्रकार कस्बे की माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर फुलेरा के तत्वाधान में सामाजिक समरसता के वाहक, वंचित, शोषित एवं महिला उत्थान के अग्रदूत महान विचारक महात्मा ज्योतिबाफुले की 199 वीं जयंती पर विद्यार्थियों द्वारा घोषवादन के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये गये। इसी क्रम में वहीं सर्किल पर प्रातः 9:15 बजे पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के मुख्य आतिथ्य में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सर्व समाज के 37 प्रतिभावान विद्यार्थियों का माल्यार्पण, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कुमावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले जैसे युग पुरुष शताब्दियों बाद जन्म लेते है। जिन्होंने एक समाज ही नही अपितु सम्पूर्ण मानव जाति के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बेमिसाल कार्य किया। हमें किसी भी परिस्थिति में ऐसे महापुरुषों के बताए मार्ग का अनुसरण सदैव करते रहना चाहिए।

# दो दिवसीय जी आई कोर्स व स्काउट गाइड कार्यक्रम का शुभारंभ

**पावटा।** पावटा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय जी आई कोर्स व स्काउट गाइड कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार धाकड की अध्यक्षता में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली से आए 37 गाइड कैप्टन के रूप में आये शिक्षकों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। वही गाइड के कार्यक्रम को बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए तथा अच्छे नागरिक बनने के लिए अनिवार्य बताया गया। इसमें शिक्षक नवीन जानकारी प्राप्त कर विद्यालयो में बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय समिति के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर से आए हुए विशिष्ट अतिथि सहायक अनुभाग अधिकारी हरीश जेठानी ने विद्यालय स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में चर्चा करते हुए प्रशिक्षण के बारे में उचित जानकारी प्रदान की।

जवाहर नवोदय विद्यालय करौली शारीरिक शिक्षक बीएल मीणा ने स्काउट गाइड के विभिन्न प्रशिक्षणों के विभिन्न सोपानो के बारे में जानकारी दी। वही उदयपुर से शारीरिक शिक्षिका सुनीता मंगकई ने गाइड कोर्स में दक्षता बेज प्राप्त करने का तरीका, कुकिंग, स्वच्छता अभियान, हस्तकला, सूर्य नमस्कार, खोज के चिन्ह, दो रस्सियों के सिरों को जोड़ना तथा ड्रिल के बारे में बताते हुए बच्चों को अनुशासन के बारे में भी समझाया। इस दौरान संगीत शिक्षक कुचामन सिटी घनश्याम सैनी ने राष्ट्रपति पुरस्कार और जंबूरी कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, कौशल विकास हेतु बच्चों को तैयार करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया।

कार्य क्रम में स्वागतकर्ता के रूप में विनोद कुमारी, ज्योति माथुर व मंच संचालन राजकुमार मीणा, साज सज्जा एवं बैठक व्यवस्था में मनोज शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, गिरिराज आचार्य, हितेंद्र वणकर एवं पंजीकरण में मनोहर लाल, नीरज गुप्ता, आवासीय व्यवस्था में सूबे सिंह गोठवाल, विनोद अरोड़ा, पवन सोनी, जयराम मीणा, भोजन व्यवस्था में उपप्राचार्य सुभाष चंद, कृष्ण कुमार, बलवान सिंह, रमाकांत, भंवर सिंह, जगदीश नारायण मौर्य ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपनी भूमिका निभाई।

# 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' की दिशा में सभी मिलकर काम करे'

**टोंक।** नगरीय विकास एवं आवासन, स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को टोंक जिले की नगर पालिका निवाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन प्रथम व द्वितीय के भव्य लोकार्पण समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर विकसित भारत के सपने को साकार करने सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है, 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' की दिशा में सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'आपणों अग्रणी राजस्थान' के संकल्प के साथ राज्य सरकार शहरी व ग्रामीण विकास, सड़क, शिक्षा व चिकित्सा, पेयजल बिजली के क्षेत्र में विकास कार्यो के नये आयाम स्थापित कर रही है। पेपर लीक पर लगाम लगने से युवाओं के परिवारों में खुशियां आई है।

खर्रा नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से निवाई नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किया है। इसका लाभ यहां के लोगों को



**राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने निवाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन प्रथम व द्वितीय के भव्य लोकार्पण किया।**

मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका निवाई द्वारा जो भी कार्य विभाग स्तर पर अप्रुवल के लिए भेजे गए है उन्हें भी शीघ्र ही स्वीकृति देकर विकास कार्य शुरू कराएं जाएंगे।

खर्रा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान के माध्यम से उद्यमियों के साथ 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू कर निवेश की आधारशीला रखी है। इनमें से 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर कार्य शुरू हो गया है। राजस्थान की आर्थिक प्रगति में यह निवेश मील का पत्थर साबित होंगे। समारोह में मौजूद जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रखेगी। हमारी सरकार ने जनहित की घोषणाओं को धरातल पर उतारकर लोगों को राहत प्रदान की है। चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कामों को शीघ्र पूरा करने के लिए विभाग द्वारा निरंतर हर जिले की प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपखंड निवाई के ग्रामीण क्षेत्र के 88 गांवों में जल जीवन मिशन के काम के लिए 170 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए है। इसी माह में वर्क ऑर्डर

> रामजल सेतु लिंक परियोजना से टोंक जिले को शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा

देकर कार्य शुरू हो जाएंगे। साथ ही, पेयजल कार्यों के लिए शहरी क्षेत्र में 54 करोड़ एवं वनस्थली में 8 करोड़ के कामों की स्वीकृति दे दी गई है। चौधरी ने सामुदायिक भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कम आय वर्ग वाले लोगों को अपने सामाजिक कार्यो को करने में सुगमता होगी तथा आर्थिक भार भी ज्यादा नहीं आएगा।

समारोह में निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना से टोंक जिले को शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा। इससे क्षेत्र में आर्थिक सृमद्धि आएगी। वर्मा ने विगत 15 माह में निवाई-पीपलू क्षेत्र में हुए विकास कार्यो की जानकारी दी।

### अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली पलटी

**मालपुरा।** मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर गुर्जर छात्रावास के सामने हाथगी की और जाने वाले सडक मार्ग पर शुक्रवार की सवेरे तेज रफ्तार अवैध बजरी से भरा ट्रेक्टर-ट्रोली अनियंत्रित होकर नाले मे पलटी खा गया। गनीमत रही कि तेज रफ्तार ट्रेक्टर हाई वॉल्टेज विधुत लाईन के पोल से टकराने से बाल-बाल बच गया।

अचानक तेज गति से ट्रेक्टर को घुमाने के दौरान अनियंत्रित हुई ट्रोली गहरे नाले मे पलटी खा गई। चालक ने कुद कर अपनी जान बचाई। कस्बा थाने से महज कुछ ही दूरी पर मुख्य सडक किनारे पलटी अवैध बजरी की ट्रोली की पुलिस को भनक लगती उससे पहले ही बजरी माफिया जेसीबी की सहायता से बजरी को खाली कर अन्य ट्रेक्टर मे भर ले भागे। तो ट्रोली को भी सीधा कर मौके से भाग निकले। मालपुरा शहर मे बैखोफ होकर दिन के उजाले मे ही दौड रहे है अवैध बजरी से भरे यह ट्रेक्टर। बजरी से भरे ट्रेक्टरो की गति इतनी तेज होती है कि सामने आने वाला वाहन या व्यक्ति के परखच्चे उड जाये। दिनदहाडे अवैध बजरी परिवहन के बावजूद एसआईटी टीम द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करने के बजाय बजरी माफियाओं को खुली छुट व मौन स्वीकृति देने से माननीय न्यायालय व जिला प्रशासन के आदेशो की खुले आम उड रही है धज्जियां।

## सार-समाचार

### अवेध परिवहन करते 9 डंपर सहित 12 वाहन पकड़े



**जयपुर ।** खान विभाग जयपुर ने अधीक्षण खनिज अभियंता एन एस शक्तावत, प्रताप मीणा के मार्गदर्शन में खनिज अभियंता श्याम कापड़ी की टीम ने महिला, बगरु, भांकरोटा, गोविंदगढ़, और सेज एरिया में खनिज विभाग द्वार अवेध खनन के विरुद्ध कारवाही करते हुए 9 डंपर सहित 12 वाहन जब्त किए हैं। खनि अभियंता श्याम कापड़ी ने बताया कि खनिज चुनाई पथर के 5 डंपर बगरू थाना क्षेत्र, 2 महला थाना क्षेत्र, 1 भाँकरोटा थाना क्षेत्र, 1 डंपर एवं 2 ट्रेक्टर ट्रॉली गोविन्दगढ़ थाना क्षेत्र , 1 ट्रेक्टर ट्रॉली सेज थाना क्षेत्र में बिना वैध ई रवन्ना परिवहन करने पर ज़ब्त कर संबंधित थानो में सुपुर्दगी में दिये गये। उक्त वाहनो पर 12 लाख की पेनल्टी आरोपित की गई। खनिज विभाग की टीम में खनि कार्यदेशक अरुण कुमार एवं सुधिर कुमार मय बॉर्डर होमगार्ड शामिल थे ।

### भोमिया महाराज का मेला संपन्न

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत मुण्डावरा स्थित डूंगरी वाले भोमिया महाराज के पावन स्थल पर शुक्रवार को वार्षिक मेला और भण्डारा हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले में दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भोमिया महाराज के धोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले के दौरान सुबह 11.15 बजे सुरेश गोला एंड संध्या चौधरी पार्टी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी रागनी के माध्यम से राजा भर्तृहरि के इतिहास को सुंदर अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद गायक बाँबी बघेल, डांसर मनीषा मारवाड़ी और अन्नू चौधरी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भण्डारे में क्षेत्र के ग्रामीणों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की और भक्ति भाव से कार्यक्रम का आनंद लिया। इस धार्मिक आयोजन में अध्यक्ष सीताराम शर्मा, बसई जोगियान के पूर्व सरपंच श्याम सिंह तंवर, दयाराम शर्मा, कमलेश शर्मा, मनोज, अजीत, मुकेश सैन, बालाराम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### हरिराम चौहान की पुण्य तिथि मनाई



**जयपुर ।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी- मार्क्सवादी, अलवर ने आज पार्टी के राज्य सचिव और पूर्व विधायक कॉमरेड हरिराम चौहान की पुण्य तिथि मनाई। इस अवसर पर एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार-गोष्ठी का विषय ''वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में साम्यवादी विचारधारा की भूमिका'' रहा। सबसे पहले पार्टी की जिला सचिव रईसा ने कॉमरेड हरिराम चौहान के जीवन तथा संघर्ष के बारे में बताया। विषय पर बोलते हुए पार्टी के जिला सचिव मण्डल सदस्य कॉमरेड जीतेन्द्र नरुका ने विस्तार से बताया कि वर्तमान राजनीतिक हालात में जब समाज में धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत और घृणा फैलाई जा रही है । ज्यादातर लोग छोटी छोटी बातों में हिंसक हो जाते है। ऐसे हालात मे साम्यवादी विचारधारा का महत्व बढ़ जाता है। क्योंकि साम्यवादी विचारचारा धर्म एवं जाति से हटकर वर्ग ( अमीर-गरीब) आधारित राजनीति करती है। देश में साम्प्रदायिकता को खत्म कर प्रेम तथा सोहार्द्र फैलाना बहुत जरूरी है। सभी साथियों ने इस अवसर पर साम्प्रदायिकता के खिलाफ मुहीम चलाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला सचिव-मण्डल सदस्य जीतेन्द्र नरुका, सीटू के साथी उमेश सैनी, दिनेश सोनी, हेमंत कुमार गुप्ता, यतिन कुमार शर्मा, राहुल कुमार, हर्षित कुमार, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला सचिव अनीता साहित अनेक साथियों ने भागीदारी की।

### एक रूपया व नारियल में की शादी



**बस्सी।** ग्राम सुमेल, जयपुर निवासी अर्जुनलाल लाखीवाल के सुपुत्र पुष्पेन्द्र ने मोनिका सुपुत्री रमेशचंद झाडोल्या ग्राम रतनपुरा तहसील बस्सी से शगुन के तौर पर केवल एक रूपया व नारियल ही स्वीकार कर शादी की तथा समाज के युवाओं से बिना दहेज शादी करने का संदेश दिया। दुल्हे ने दहेज में सिर्फ एक रूपया व नारियल ही स्वीकार किया। उनके इस फैसले की पूरे समाज व इलाके में सराहना हो रही है। दुल्हन पक्ष से मिलने वाले उपहार और धनराशि को समाज में प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता है। लेकिन दहेज प्रथा को खत्म करने का संकल्प लेते हुए दुल्हे के पिता अर्जुनलाल व बड़े भाई कृष्ण कुमार लाखीवाल ने अपने छोटे भाई बलराम (पटवारी) की गत वर्ष तथा इस साल पुष्पेन्द्र की शादी में भी शगुन के तौर पर केवल एक रूपया और नारियल ही लेकर बिना दहेज शादी करने की मुहिम चलाकर समाज को अच्छा संदेश दिया। है। कृष्ण कुमार लाखीवाल बस्सी में तथा बलराम लवाण तहसील में पटवारी है। कृष्ण कुमार ने लम्पी रोग से बचाने में भी आयुर्वेदिक दवा तैयार कर हजारों गायों की जान बचाई थी। आशीर्वाद समारोह में बस्सी से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व आईएएस चन्द्रमोहन मीणा, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, आदर्श नगर विधायक रफीक खान के बड़े भाई फिरोज खान, बस्सी एसडीएम ओ. पी. मीणा व तहसीलदार रमेश चंद मीणा, नरेन्द्र कविया प्रदेशाध्यक्ष राज. पटवार संघ व सीआई मांगीलाल मीणा सहित कई सरपंच व क्षेत्रीय पार्षदों सहित अन्य अतिथियों ने शिरकत कर वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

### बैठक का आयोजन

**चौंमू / कालाडेरा ।** भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के तहत चौंमू शहर के सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा स्थापना सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संभागीय प्रभारी राजेन्द्र गहलोत और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़े में पार्टी की रीति नीति को घर घर पहुँचाने, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, पार्टी कार्यकर्ताओं के घर झंडा लगाना आदि कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। इस मौक़े पर प्रभारी राजेन्द्र गहलोत ने पार्टी की विचारधारा से लोगो को जोड़ने की बात कही। इस मौक़े पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पार्षद गजेन्द्र यादव, बाबूलाल यादव, संदीप शर्मा, गुलाब लम्बा, ओमप्रकाश कुमावत, पवन बारावाल, आलोक जांगिड, बजरंग कुमावत, संदीप कुमावत, महेश धामानी, त्रिलोक लोचिब, राजकुमार बराला, विनोद गोदारा, रामावतार कुलदीप, जेपी जाट, मदन गोरा, चेतन सैनी, धर्मेंद्र बंजारा, महेश सेरावत, अनिल मीणा, दिलशाद गोरी, माहिर गोरी, बाबूलाल राइ, बलदेव, मोहन यादव, रामरतन सैनी, सुवालाल सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।